UPMB010013182021

न्यायालय अपर जिला जज (एफ0टी0सी0), महोबा।

सिविल प्रकीर्ण संख्या–05/2021

असलम आलम आदि   बनाम   मुहम्मद असलम,

06.03.2025

पत्रावली पेश हुई। उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्तागण उपस्थित आये।

प्रार्थना पत्र 24क/ 1 पर उभयपक्ष को सुना गया।

प्रार्थना पत्र 24क/ 1 द्वारा वादी ने विपक्षी मोहम्मद असलम की मृत्यु दिनांक 17.10.2021 को कथित करते हुये उनके वारिसान के रूप में पत्नी व पुत्रगण के प्रतिस्थापन करने की याचना की गयी है।

वारिसान की ओर से प्रतिस्थापन प्रार्थना पत्र मौखिक आपत्ति की गयी है।

मेरे द्वारा उभय पक्ष को सुना गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

वादी ने विपक्षी मोहम्मद असलम की मृत्यु दिनांक 17.10.2021 को कथित करते हुये उनकी पत्नी व पुत्रगण को वारिसान के रूप में प्रतिस्थापन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 06.01.2022 को दिया गया है जो म्याद सीमा के अन्तर्गत है। वारिसान की ओर से कोई विशेष आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गयी है।

अतः न्यायहित में प्रार्थना पत्र 24क/ 1 स्वीकार होने योग्य है।

आदेश

प्रतिस्थापन प्रार्थना पत्र 24क/ 1 स्वीकृत किया जाता है। वादी को निर्देशित किया जाता है कि अन्दर सप्ताह उक्त प्रतिस्थापन के सम्बन्ध मे संशोधन हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। पत्रावली वास्ते अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 28.04.2025 को पेश हो।

(सर्वोत्तमा नगेश शर्मा)
अपर जिला जज, (एफ0टी0सी0)
महोबा।
06.03.2025

Digitally signed by Sarvottama Nagesh Sharma
Date: 2025.03.06 16:16:50 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court